प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

9 मई 2022

**सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) के तहत समय-पूर्व मोचन –
12 मई 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य
(एसजीबी 2017-18 की शृंखला I)**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 20 अप्रैल 2017 की अधिसूचना एफ.सं.4(8)-डब्ल्यूएंडएम/2017 (एसजीबी 2017-18, शृंखला I - जारी करने की तारीख 12 मई 2017) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला के समय-पूर्व मोचन की पहली देय तिथि 12 मई 2022 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा। तद्नुसार, 12 मई 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5,147/- (पाँच हजार एक सौ सैंतालीस रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा जो 02-06 मई 2022 सप्ताह के लिए साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/182